Headline :- KA Wires to gets listed on NSE's Emerge ITP	
Publication :- Sanmarg	Date :- 30 June 2015

के. ए. वायर्स एनएसई के इमर्ज आईटीपी में सूचीबद्ध

कोलकाता: पूर्वी क्षेत्र से कोलकाता की जानीमानी कंपनी के. ए. वायर्स लिमिटेड पहली कंपनी है जो एनएसई के इमर्ज इंस्टिट्यूशनल ट्रेडिंग प्लेटफार्म (आईटीपी) के अंतर्गत सूचीबद्ध की गयी है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज को सौंपी गयी जानकारी के मुताबिक कंपनी थर्मल स्प्रे वायर बनाती है व एक्सपोर्ट करती है। इस बारे में एनएसई के बिजनेस डेवलपमेंट के चीफ रवि वाराणसी के मुताबिक इससे कंपनी के प्रति लोगों में जागरूकता फैलती है तथा इसके उत्पादों के प्रति रुची भी बढ़ती है। सुमेधा फिसकल सर्विस लिमिटेड के डायरेक्टर बिजय मुरमुरिया के मुताबिक सभी शुरुआती कंपनियों के लिए यह बेहतरीन है।